# समर कैम्प – जनपद पौड़ी गढवाल 2025–26

(दिनांक माह जून 2025)

**विषय** :– जनपद पौड़ी गढ़वाल में  सत्र 2025–26 में आयोजित समर कैम्प

**उद्देष्य** :– इस कार्यक्रम का उद्देष्य जनपद के विद्यालयों में ग्रीश्मकालीन अवकाष में छात्र–छात्राओं को N.E.P. 2020 and भारतीय  भाषा initiative, focusing on linguistic diversity, recreational activities and local skill-building पर कार्य करना है।



**दो राजकीय इंटर कॉलेजों में शुरू हुआ समर कैंप**

समर कैंप के दौरान बच्चों को प्रोत्साहित करतीं शिक्षिका।

**जयहरीखाल।** विकासखंड जयहरीखाल के अंतर्गत राजकीय आदर्श इंटर कॉलेज जयहरीखाल एवं राजकीय बालिका इंटर कॉलेज लैंसडौन में सात दिवसीय समर कैंप की शुरुआत हुई। राजकीय आदर्श इंटर कॉलेज जयहरीखाल में आयोजित समर कैंप का उद्घाटन ग्राम प्रधान प्रगति ज्योति असवाल ने किया। पीएम श्री राजकीय आदर्श प्राथमिक विद्यालय जयहरीखाल एवं राजीव गांधी अभिनव विद्यालय जयहरीखाल के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रधानाचार्य सुदीप कुमार जखवाल के निर्देशन में हुए कार्यक्रम में शिक्षक महिपाल रावत, हरीश कुमार, दिनेश पाठक एवं अंकिता द्विवेदी आदि उपस्थित रहे। वहीं, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज लैंसडौन में प्रधानाचार्य भगवती सिंह, बीआरसी समन्वयक चंद्रमोहन सिंह रावत ने बताया कि छात्र-छात्राओं को भाषा की जानकारी दी जाएगी। इस मौके पर बीईओ डॉ. सुरेंद्र सिंह नेगी, मीना अधिकारी, दीक्षा पांडेय, सीआरपी सुमित शाह, सुमित कुमार, निशा बलूनी, जाह्नवी मौजूद थे। संवाद

**लक्ष्य** :– जनपद पौड़ी के छात्र–छात्रायें एवं षिक्षक

**कार्यक्रम योजना** :– इस कार्यक्रम के अन्तर्गत विभाग से प्राप्त निर्देशों के क्रम में जनपद के विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र–छात्राओं के लिए ग्रीष्मकालीन अवकाश में N.E.P. 2020 और भारतीय भाषाओं के माध्यम से जीवन उपयोगी जीवन कौशलों का विकास करना है। इस कार्यक्रम में जनपद के समस्त 15 विकासखण्ड के समस्त विद्यालयों को अपने शैक्षिक उन्नयन के अवसर विभिन्न भाषा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों द्वारा प्रदान किये जायेंगे। मुख्यतः–



**1.**: भाषा एवं सांस्कृतिक केन्दीय कार्यक्रम– छात्रों को भारत की अन्य भाषा एवं क्षेत्रीय भाषा सीखने के लिए प्रोत्साहित करना – मुख्यतः गढ़वाली, कुमाऊँनी, संस्कृत और उल्लेखनीय पंजाबी, जौंनसारी, आदि। इन भाषाओं के माध्यम से जनपद के छात्रों में एक भारत श्रेशिठ भारत की भावना का विकास करना। जनपद पौड़ी गढ़वाल ने जौनसारी, संस्कृत, पंजाबी भाषा में इस समर कैम्प को संचालित किये।



**2.**: कौषल विकास – इस कैम्प के मॉड्यूल के माध्यम से छात्रों में अनुभवात्मक शिक्षण, कला, बुनियादी शिक्षा पर बल दिया गया।

**3.**: समय अवधि – इस कैम्प की समय अवधि गर्मी को दृश्टिगत रखते हुए प्रातः 7:30 am से 11:30am तक निर्धारित की गयी।

**4.**: छात्र – समुदाय सहभागिता – इस कैम्प में छात्र एवं समुदाय षिक्षकों द्वारा ऐसी गतिविधियाँ आयोजित की गई। गतिविधियों में भाषा, शिक्षक नेतृत्व कार्यशाला, मनोरंजक  के पलों आदि पर चर्चा की गई।

सीखने के अपेक्षित प्रतिफल – इस कैम्प के माध्यम से छात्र–छात्राओं ने शिक्षकों, अभिभावकों, समुदाय के साथ कार्य करते हुए विभिन्न भाषाओं के जैसे पंजाबी, संस्कृत, जौनसारी में अपनी भाषा कौशल का विकास किया। जो उन्हें आगामी जीवन में एक भारत श्रेष्ठ भारत के संकल्प को साकार करने में सहायक सिद्ध हो सकेगा।



कार्यक्रम के प्रतिभागियों की संख्या / उपस्थिति –

| विद्यालयों की संख्या | प्रतिभागी छात्रों की संख्या | प्रतिभागी शिक्षकों की संख्या | प्रतिभागी समुदाय के विशिष्ट लोगों की संख्या |
|---|---|---|---|
| 69 | 1715 | 178 | 60 |

| समन्वयक | विभाग | प्राचार्य |
|---|---|---|
| डॉ अरविन्द सिंह | जिला संसाधन इकाई | श्री स्वराज सिंह तोमर |
| प्रवक्ता डायट, पौड़ी गढ़वाल | डायट, पौड़ी गढ़वाल | जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान |
| | | चड़ीगाँव, पौड़ी गढ़वाल |